आज समाज 18/12/2025

युवाओं में उपभोक्ता जागरूकता, राष्ट्र निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम: डॉ. रोहित दत्त

आज समाज नेटवर्क

उपस्थिति को संबोधित करते मुख्यवक्ता।

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज (जी.एम.एन. कॉलेज), अंबाला कैंट के अर्थशास्त्र विभाग एवं वाणिज्य विभाग द्वारा सीसिल कॉन्वेंट स्कूल, अंबाला कैंट में उपभोक्ता संरक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत एक उपभोक्ता जागरूकता व्याख्यान एवं क्विज प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, उपभोक्ता अधिकारों तथा उपभोक्ता कर्तव्यों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

क्विज प्रतियोगिता में सीसिल कॉन्वेंट स्कूल के विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह एवं सक्रिय सहभागिता प्रदर्शित की। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए भूमिका अग्रवाल ने प्रथम स्थान, अर्शनूर सिंह ने द्वितीय स्थान तथा निर्भय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर जी.एम.एन. कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. रोहित दत्त ने इस गतिविधि के सफल आयोजन हेतु गतिविधि संयोजिका (कन्वीनर) सहायक प्राध्यापक गीति बिंद्रा, विभागाध्यक्ष, अर्थशास्त्र विभाग तथा सह-प्राध्यापक डॉ. सुरेंद्र कुमार कुंडू को बधाई दी। अपने संबोधन में डॉ. दत्त ने कहा कि आज के उपभोक्ता-केंद्रित समाज में युवाओं का जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है। उपभोक्ता अधिकारों एवं कर्तव्यों की सही जानकारी न केवल उन्हें शोषण से बचाती है, बल्कि उन्हें जिम्मेदार नागरिक भी बनाती है।

ऐसे कार्यक्रम युवाओं में विवेकपूर्ण उपभोक्ता व्यवहार विकसित करते हैं, जो अंततः राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया को सुदृढ़ बनाते हैं। कार्यक्रम का मंच संचालन एवं उपभोक्ता जागरूकता विषय पर व्याख्यान सहायक प्राध्यापक जस्मीता हांडा एवं सहायक प्राध्यापक सुशील द्वारा संयुक्त रूप से प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के सुचारु एवं तकनीकी संचालन में सहायक प्राध्यापक रितिका राय तथा सहायक प्राध्यापक गीति बिंद्रा का महत्वपूर्ण योगदान रहा। विद्यालय प्रशासन ने जी.एम.एन. कॉलेज द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे विद्यार्थियों में उपभोक्ता जागरूकता विकसित करने की दिशा में एक प्रभावी एवं सराहनीय पहल बताया।